गुजरात में लोक और ललित कला

2470. **श्री रामसिंह राठवा :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ललित अकादमी द्वारा गुजरात की कलाओं विशेषत: लोक कलाओं की उपेक्षा की गई है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं :

(ग) ललित कला अकादमी द्वारा गुजरात की ललित कलाओं के विकास हेतु गत तीन वर्षों के दौरान किए गए योगदान का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन कलाओं के विकास और संरक्षण सम्बन्धी योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और सांस्कृतिक विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान, गुजरात के किसी भी कला संगठन ने अनुदान के लिए अनुरोध नहीं किया है ।

(घ) गुजरात की लोक कलाओं के विकास और परिरक्षण के लिए ललित कला अकादमी द्वारा शुरू किए गए कुछ महत्वपूर्ण कार्यकलाप इस प्रकार हैं :–

(i) दुर्लभ प्राचीन भित्ति चित्रों का प्रलेखन ।

(ii) व्रतानुष्ठि वस्तुओं का सर्वेक्षण ।

(iii) लोक, आदिवासी तथा पारंपरिक कलाओं की प्रदर्शनियों का आयोजन ।

(iv) एक भारतीय जनजाति (गुजरात की राठवा और भिलाला जन जातियों) की कला और धार्मिक अनुष्ठानों पर "पेंटिड मिथ्स आफ किएशन" नामक पुस्तक का प्रकाशन ।

(v) "पिथोरा पेंटिग्स आफ गुजरात" नामक वृत्तचित्र तैयार करना ।

(vi) एक अभिलेखागार अनुभाग तथा कला के स्थायी संग्रह का अनुरक्षण, जहां गुजरात की लोक कलाओं का परिरक्षण किया जाता है ।

Aid for Sports to Rural Schools

2471. DR. YELAMANCHILI SIVAJI : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state the number of rural schools which have been given aid to develop sports, since the scheme is introduced State-wise

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS) WITH ADDITIONAL CHARGE OF MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT) (KUMARI MAMTA BANERJEE) : The State-wise details of the rural schools, given Central aid to develop sports, under the scheme 'Grants to Rural Schools for Purchase of Non-consumable Sports Equipment and Development of Playground' since its inception upto the end of the financial year 1991-92, are given in the Statement.